
M/s. SHANTA SERVICE STATION
Bharat Petroleum
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure

दैनिक **धनुषधारी**
सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी
वर्ष-32, अंक 107, उल्हासनगर, गुरूवार 3 अप्रैल 2025 ( पृष्ठ 6 )
Mob. No. 9325937797
E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com
Post Regd No.THC/111/2024-2026
RNI No. 68359/93,
dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com




### पानी बिलों में बढ़ोतरी समेत शहर के ज्वलंत मुद्दों को लेकर

# राकांपा (एस.पी) शिष्टमंडल ने मनपा आयुक्त से की मुलाकात

**उल्हासनगर(नि.स)।** शहर में पानी के बिलों में बढ़ोतरी, पानी के टैंकरों की बढ़ती कीमतें, सड़कों की बदहाली, बोगस डॉक्टरों की बढ़ती संख्या, रिटायर्ड शिक्षकों की पेंशन से जुड़ी समस्याएं, इंडस्ट्रियल एरिया में विकास के नाम पर आ रही परेशानियां और पानी की किल्लत जैसे अहम मुद्दों को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के शिष्टमंडल ने बुधवार 2 अप्रैल उल्हासनगर महानगरपालिका की प्रशासक एवं आयुक्त मनीषा आव्हाले से मुलाकात की।




इस दौरान टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट में डी-फॉर्म मिलने में हो रही देरी, उल्हासनगर कैंप पांच जीनस बाजार और गाउन बाजार में दुकानदारों को शौचालय की कमी जैसी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा, खेमानी नाले की कटिंग और शहर के अन्य प्रमुख नागरिक मुद्दों को भी आयुक्त के समक्ष रखा गया।

उक्त बैठक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की जिला अध्यक्षा पंचम ओमी कालानी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें कमलेश निकम, मनोज लासी, पीतू राजवानी, दिनेश लहरानी, नरेश दुर्गानी, प्रभुनाथ गुप्ता, शिवाजी रगड़े समेत पार्टी पदाधिकारी व व्यापारी वर्ग उपस्थित रहा।

# उल्हासनगर के एपल बार में शराब की बिक्री पर लगा प्रतिबंध

### राज्य आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई

**उल्हासनगर(नि.स)।** उल्हासनगर के कैंप क्रमांक 4, श्रीराम चौक स्थित एपल बार में शराब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई राज्य आबकारी विभाग सोमवार रात में की गई। शराब की बिक्री के लिए रखे गए फ्रीजर को भी पुलिस ने सील कर दिया है।



एपल बार की संपत्ति मधु तेजवानी के नाम पर है और 2022 से उन्होंने उसे रोहित पांडव को लीज पर दी थी। जिसके बाद लीज एग्रीमेंट 2024 में समाप्त हो गया, लेकिन तेजवानी ने पुलिस स्टेशन में शिकायत की है कि किरायेदार किराया नहीं दे रहा है और होटल खाली नहीं कर रहा है। होटल का लाइसेंस मधु तेजवानी के नाम पर है और इसकी अवधि भी समाप्त हो चुकी है। उन्होंने इस संबंध में राज्य आबकारी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद राज्य आबकारी विभाग की पुलिस ने एपल बार स्थित होटल परिसर में छापा मारा। शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और होटल के फ्रीजर को सील कर दिया गया है। अब मधु तेजवानी ने पुलिस उपायुक्त और राज्य आबकारी विभाग को आवेदन देकर संपत्ति हड़पने की साजिश का आरोप लगाया है और उचित कार्रवाई की मांग की है।

# पिता की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार



**बदलापुर (नि.स)।** बदलापुर में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक पुत्र ने धारदार हथियार से हमला कर अपने ही पिता की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र के बीच दुकान के किराए को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जो इस दुखद घटना का कारण बना। बदलापुर पश्चिम पुलिस ने इस मामले की पुष्टि की है। यह घटना बुधवार सुबह करीब 8 बजे बदलापुर पश्चिम के बेलवली इलाके में घटी। अनंत कराले, जो बेलवली में रहते थे, उनके पास दो दुकानें थीं। पारिवारिक सहमति के अनुसार, एक दुकान का किराया पिता को और दूसरी का किराया पुत्र को मिलना था। लेकिन अनंत कराले दोनों दुकानों का किराया खुद लेना चाहते थे, जिससे पिछले सात-आठ वर्षों से उनके और उनके पुत्र गणेश कराले के बीच विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह जब अनंत कराले और गणेश कराले बेलवली स्थित दुकान पर पहुंचे, तो एक बार फिर दोनों के बीच तीखी बहस हुई। इसी दौरान गुस्से में आकर गणेश ने अपने पिता पर चाकू से हमला कर उनकी हत्या कर दी। इस घटना की जानकारी बदलापुर पश्चिम पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल थोरवे ने दी।बहरहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी गणेश कराले को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा तड़ीपार अपराधी

### चोरी की 8 बाइक भी बरामद



**उल्हासनगर(नि.स)।** विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन ने एक तड़ीपार आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से कुल 4,25,000 कीमत की चोरी की 8 मोटरसाइकिलें बरामद कर 8 अपराधों का खुलासा किया है। इस संदर्भ में जानकारी देने के लिए पुलिस विभाग द्वारा बुधवार 2 अप्रैल को पत्रकार परिषद् का आयोजन किया गया था जहां परिमंडल 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने घटना की पूरी जानकारी पत्रकारों को दी। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सुनील करिरा (53) नामक व्यक्ति ने विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 मार्च की रात 12 बजे से लेकर 26 मार्च दोपहर 1:30 बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने उनकी सुजुकी बर्गमैन स्ट्रीट (MH 05 EY 8980) को उनकी इमारत की पार्किंग से चोरी कर लिया। इसके बाद फरयादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवल के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक एच. एम. कुलकर्णी, पुलिस उपनिरीक्षक बी. आर. दराडे, महिला पुलिस उपनिरीक्षक रोहिणी पाटिल और अपराध शाखा टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 30 मार्च को उल्हासनगर में जाल बिछाया और उल्हासनगर कैंप 2, खेमानी परिसर निवासी संदिग्ध आरोपी हितेश मोहन कटेजा (23) को उसकी एक्टिवा स्कूटी के साथ उल्हासनगर-4 के लेफर कॉलोनी रोड से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह खेमानी से चोरी की गई मोटरसाइकिल चला रहा था। पुलिस द्वारा उसे सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर उसने अपने अपराध को कबूल किया। उसे तुरंत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहाँ से 4 अप्रैल तक उसकी पुलिस कस्टडी मंजूर की गई।

### तड़ीपार था आरोपी, फिर भी करता था चोरी

गिरफ्तार हितेश मोहन कटेजा एक शातिर अपराधी है, जो पहले से ही उल्हासनगर और मध्यवर्ती पुलिस थाने में दर्ज मामलों में फरार था। ठाणे जिले के पुलिस उपायुक्त (परिमंडल 4) ने 24 जुलाई 2024 को उसे 2 वर्षों के लिए ठाणे, मुंबई और उपनगरों से तड़ीपार किया था। बावजूद इसके, वह प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसकर लगातार मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। इसी के चलते उसके खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 142 के तहत भी अतिरिक्त धाराएं लगाई गई हैं। इस उल्लेखनीय कार्रवाई को पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, अपर पुलिस आयुक्त संजय जाधव, पुलिस उप आयुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवल और उनकी टीम ने अंजाम दिया। इस टीम में सपोनि हर्षल कुलकर्णी, पोउनि बंकटस्वामी दराडे, मपोउनि रोहिणी पाटिल सहित अपराध प्रकटीकरण पथक के अधिकारी पोहवा रामदास मिसाल, पोहवा दिलीप चव्हाण, पोना संतोष सांगले, पोशि गणेश राठौड़, गणेश डमाले, चंद्रकांत गायकवाड़ और कृपाल शेकडे शामिल थे।

# केडीएमसी की आयुक्त इंदुरानी जाखड़ बनी पालघर की नई जिला कलेक्टर

**कल्याण(नि.स)।** महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला जारी है। अब राज्य की युवा आईएएस अधिकारी इंदुरानी जाखड़ को पालघर की जिला कलेक्टर के पद पर स्थानांतरित किया गया है। मंत्रालय से यह आदेश मंगलवार देर शाम जारी किये गये हैं। इससे पहले इंदुरानी जाखड़ कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) की आयुक्त थी। उन्होंने पालघर जिला कलेक्टर गोविंद बोडके की सेवानिवृत्ति के बाद यह पद संभाला है।



### कौन हैं इंदुरानी जाखड़

इंदुरानी जाखड़ 2016 बैच की आईएएस अधिकारी हैं, जिन्होंने यूपीएससी में अपने दूसरे प्रयास में देश में 30वीं रैंक हासिल की। जाखड़ मूल रूप से हरियाणा के झज्जर की रहने वाली हैं। लेकिन बाद में उनका परिवार दिल्ली में बस गया। उनके पिता दिल्ली पुलिस में थे। इंदुरानी जाखड़ ने 2013 में एमबीबीएस की डिग्री पूरी की। उसके बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। अपने दूसरे प्रयास में उन्होंने देशभर में 30वां रैंक हासिल कर आईएएस पद हासिल किया।

# फिल्मी स्टाइल में एक लाख की ठगी, पांच गिरफ्तार

**उल्हासनगर(नि.स)।** उल्हासनगर में एक चौंकाने वाली धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के एक गिरोह को गिरफ्तार किया है। दरअसल कुछ दिन पहले दो अज्ञात युवक रिक्शा चालक योगेश चव्हाण से मिले और उनसे कहा, 'हमारे पास एक ऐसी व्यवस्था है जिससे आपका पैसा पांच गुना हो जाएगा।' पहले तो योगेश को विश्वास नहीं हुआ। लेकिन बाद में योगेश ने एक लाख रुपए इकट्ठा किए और 25 मार्च को उल्हासनगर में एक सीएनजी पंप के पास दोनों की मुलाकात तय की। योगेश ने उसे एक लाख रुपए दिए। उसी समय तीन लोग आये और बोले कि वे पुलिस वाले हैं, 'तुम दोनों वांटेड हो, सीधे पुलिस स्टेशन चलो।' कुछ क्षण बाद योगेश होश में आ गया, लेकिन तब तक



गिरोह गायब हो चुका था। जैसे ही उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, उसने तुरंत विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उल्हासनगर पुलिस की अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीरंग गोसावी, अशोक पवार, योगेश वाघ, राजेंद्र थोरवे, मंगेश जाधव, अशोक थोरवे, संजय और अविनाश पवार की एक टीम द्वारा अपराध की समानांतर जांच की गई।

# गर्मी में बढ़ी नींबू की कीमतें




**नवी मुंबई(नि.स)।** बढ़ती गर्मी के साथ नींबू के दामों में भी तेजी देखी जा रही है। खुदरा बाजार में नींबू की कीमत 8 रुपए से 10 रुपए प्रति पीस तक पहुंच गई है। गर्मियों में नींबू की मांग बढ़ने से आपूर्ति कम हो रही है, जिससे दाम चढ़ गए हैं। गर्मी के दिनों में नींबू पानी, अचार और खाने में इसके उपयोग की वजह से हर साल इसकी मांग बढ़ती है। इस बार एपीएमसी सब्जी मंडी में आवक कम होने से कीमतें और बढ़ गई हैं। पिछले महीने तक एक नींबू 2 रुपए में मिल रहा था, लेकिन अब दाम 10 रुपए तक पहुंच गया है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार, गर्मी बढ़ने के साथ नींबू की कीमतें मई तक और बढ़ सकती हैं। फिलहाल नींबू का उपयोग ठंडे पेय जैसे शरबत, गन्ने के रस और सोडा में बढ़ गया है, जिससे इसकी कीमत पर असर पड़ा है।

### खुदरा बाजार में 10 रुपए तक पहुंचा भाव

# कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस का तीसरा समन जारी

### 5 अप्रैल तक पेश होने का आदेश

**मुंबई (नि.स)।** मुंबई पुलिस ने अब कॉमेडियन कुणाल कामरा को तीसरा समन जारी किया है। कुणाल कामरा ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का मजाक उड़ाया था। खबर है कि मुंबई पुलिस ने कुणाल कामरा को 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पेश होने के लिए तीसरा समन जारी किया है। पिछले महीने खार पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने पहले भी उन्हें दो बार तलब किया था। हालांकि, कुणाल कामरा ने एक पोस्ट शेयर कर मुंबई पुलिस को चुनौती देते हुए कहा था कि ऐसी जगह जाना जहां वह 10 साल से नहीं रहे, समय की बर्बादी है। आपको बता दें कि स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा अभी तक पुलिस के सामने पेश नहीं हुए हैं। ज्ञात हो कि कामरा के खिलाफ मुंबई और एकनाथ शिंदे के राजनीतिक गढ़ ठाणे के अन्य पुलिस थानों में भी अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं।



### मद्रास हाईकोर्ट ने कुणाल कामरा को दी राहत

सोमवार को खार पुलिस की एक टीम मुंबई के माहिम इलाके में कुणाल कामरा के घर गई थी। कुणाल कामरा मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय में पेश हुए। वहां उन्होंने अग्रिम जमानत मांगी। मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कुणाल कामरा को वनूर की स्थानीय अदालत में पेश होने और जमानत मांगने का निर्देश दिया। अदालत ने कुणाल कामरा को कानूनी कार्रवाई करने के लिए आवश्यक समय देने के लिए मामले की सुनवाई 7 अप्रैल तक स्थगित कर दी।

# अवैध निर्माण पर सिडको का चला बुलडोजर

**नवी मुंबई (नि.स)।** सिडको की स्वामित्व की जमीन पर नियमों और नीतियों का उल्लंघन कर किये जा रहे खारघर सेक्टर 5 के 5 मंजिला अवैध निर्माण पर सिडको ने बुलडोजर चलाकर बुधवार को उसे ध्वस्त कर दिया. संबंधित ने सिडको से बिना किसी अनुमति के निर्माण कार्य शुरू किया था, जिसके बाद सिडको के मुख्य नियंत्रक अनधिकृत निर्माण (न.मुं) विभाग द्वारा कार्यवाई की गई. इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एंव पुलिस बल तैनात थी।



**Staff Required**
**( SINDHI MALE )**
Qualification-B.COM PASSED FOR ACCOUNTS
& FOR SALESMAN
Qualification- 10TH PASSED
CONTACT : MR. RAJESH
MOB.NO. 9307579475




# उल्हासनगर मनपा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला का आयोजन

**उल्हासनगर(नि.स)।** उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा '100 दिनों की कार्ययोजना कार्यक्रम' के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी (एआई) कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला उपायुक्त (प्रशासन) डॉ. विजय खेडकर और उपायुक्त (आस्थापना) अजय साबले के मार्गदर्शन में, एआई विशेषज्ञ सनथ शेट्टी के सहयोग से 2 अप्रैल को महापालिका सभागार में संपन्न हुई। इस प्रशिक्षण सत्र में सनथ शेट्टी ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को एआई तकनीक के उपयोग पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने वीडियो और लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से बताया कि एआई का दैनिक कार्यालयीन कार्यों में कैसे प्रभावी उपयोग किया जा सकता है। इस कार्यशाला में उल्हासनगर महानगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिससे इस तकनीक के प्रति उनकी रुचि और जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।



## संपादकीय

# आधार कार्ड को वोटर आईडी से लिंक -चुनाव आयोग के लिए चुनौती

चुनाव आयोग वोटर आईडी कार्ड को आधार से जोड़ना चाहता है और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है फर्जी मतदान को रोकना। मंशा चाहे जितनी भी सही हो, लेकिन इस काम में कानूनी से लेकर राजनीतिक तक, कई चुनौतियां हैं। विवादों के लंबे इतिहास को देखते हुए यह जरूरी हो जाता है कि कोई भी कदम सभी पक्षों को विश्वास में लेकर और जरूरत के हिसाब से उठाया जाए। साल 2021 में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन के बाद आधार को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने की अनुमति मिली। चुनाव आयोग ने तब जनता से उनके आधार नंबर मांगते हुए कहा था कि यह स्वैच्छिक है यानी जिसे दोनों डॉक्युमेंट लिंक करने हैं वह करे और जो नहीं चाहता, वह न करे। आयोग के पास 66.23 करोड़ आधार नंबर आ चुके हैं। हालांकि इन्हें अभी तक वोटर आईडी से लिंक नहीं किया गया है। वजह है 2023 में हुआ अदालती केस। सुप्रीम कोर्ट में जब यह मामला पहुंचा, तो यही आरोप लगाया गया था कि आयोग के अनुसार प्रक्रिया स्वैच्छिक है, लेकिन जानकारी जुटाने के लिए जो फॉर्म लागू किया गया, उससे यह बात पता नहीं चलती। यही सवाल अब भी कायम रहेगा। दूसरी बड़ी चिंता है लोगों की प्राइवेसी को लेकर। आज प्राइवेट डेटा लीक सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। जब आधार और वोटर आईडी का डेटाबेस मिल जाएगा, तो इसे सिक्योर करने की चुनौती भी ज्यादा बड़ी होगी। ऐसे सॉफ्टवेयर और टूल की जरूरत पड़ेगी, जिससे लोगों के मन में किसी तरह की आशंका न रहे। इस मामले के राजनीतिक पहलू पर नजर डालना भी जरूरी है। हाल में तृणमूल कांग्रेस ने डुप्लिकेट वोटर आईडी का मुद्दा उठाया। इससे पहले भी तमाम प्रमुख दल अपनी चिंता जता चुके हैं। जाहिर तौर पर चुनाव आयोग का मकसद यही है कि डुप्लिकेसी को खत्म किया जाए और हर एक वोट वैध हो। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने विदाई भाषण में बायोमीट्रिक पहचान की खासियत पर बात की थी। लेकिन, मसला है कि अभी पूरी प्रक्रिया स्वैच्छिक है। अगर यह आगे भी स्वैच्छिक रहती है तो आयोग को पूरा डेटा कैसे मिलेगा और जब पूरा डेटा ही नहीं होगा तो डुप्लिकेसी को कैसे खत्म किया जाएगा? सुप्रीम कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि आधार को किसी भी सरकारी प्रक्रिया से जोड़ने के लिए साबित करना जरूरी होगा कि यह वाकई जरूरी है और इससे कोई नुकसान नहीं होगा। याद रखना होगा कि यह प्रक्रिया केवल प्रशासनिक नहीं, चुनावी व्यवस्था पर जनता के भरोसे से जुड़ी हुई है।

**संपादक,टीकम लालवानी**

**प्राचीनकाल में भारत के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का भाव जागृत रहता था। जागरूकता तो यहां तक थी कि किस प्रकार जीवन की दिनचर्या स्थापित हो कि परिवार में कोई बीमार ही नहीं हो, बीमारी का निदान तो आगे की प्रक्रिया रहती है। उस खंडकाल में प्रत्येक नागरिक इतना सजग रहता था कि प्रातःकाल एवं सायंकाल में 5/10 किलोमीटर तक नियमित रूप से पैदल चलना एवं योगक्रिया तथा प्राणायाम आदि का अभ्यास नियमित रूप से करता था ताकि शरीर को किसी भी प्रकार का रोग ही नहीं लगे एवं शरीर स्वस्थ बना रहे। इसके साथ ही खानपान, सामान्य दिनचर्या, सूरज डूबने के पूर्व भोजन करना, रात्रि में जल्दी सोना और प्रातःकाल में जल्दी उठना, दिन भर मेहनत के कार्य करना, जैसी प्रक्रिया सामान्यजन की हुआ करती थी।**

# भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की ओर दिया जा रहा है विशेष ध्यान

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में, नागरिकों की दिनचर्या में आ रही गिरावट एवं खानपान में आए बदलाव के चलते देश में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसका इलाज महंगा होने के कारण आम नागरिकों के लिए इस बीमारी का इलाज कराना बहुत मुश्किल कार्य होता जा रहा है।

प्राचीनकाल में भारत के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का भाव जागृत रहता था। जागरूकता तो यहां तक थी कि किस प्रकार जीवन की दिनचर्या स्थापित हो कि परिवार में कोई बीमार ही नहीं हो, बीमारी का निदान तो आगे की प्रक्रिया रहती है। उस खंडकाल में प्रत्येक नागरिक इतना सजग रहता था कि प्रातःकाल एवं सायंकाल में 5/10 किलोमीटर तक नियमित रूप से पैदल चलना एवं योगक्रिया तथा प्राणायाम आदि का अभ्यास नियमित रूप से करता था ताकि शरीर को किसी भी प्रकार का रोग ही नहीं लगे एवं शरीर स्वस्थ बना रहे। इसके साथ ही खानपान, सामान्य दिनचर्या, सूरज डूबने के पूर्व भोजन करना, रात्रि में जल्दी सोना और प्रातःकाल में जल्दी उठना, दिन भर मेहनत के कार्य करना, जैसी प्रक्रिया सामान्यजन की हुआ करती थी। परंतु, आज परिस्थितियां बदली हुई सी दिखाई देती हैं। पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहे रुझान के चलते युवाओं के खानपान में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई देता है, दिनचर्या में परिवर्तन दिखाई देता है, रात्रि में बहुत देर से सोना और सूर्य नारायण के उदित होने के पश्चात दिन में बहुत देर से उठना आदि कारणों के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियां नागरिकों को घेरने लगी हैं। अतः केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अपने बजट में विशेष प्रावधान करने पड़ रहे हैं।

आज, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा यह प्रयास किए जा रहे हैं कि समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंचें और आज सरकार की यह प्राथमिकता बन गई है। देश में नागरिकों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 175,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। इन सभी प्रयासों के चलते आज भारत में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में भी व्यापक कमी दृष्टिगोचर हुई है और केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते एवं अस्पताल, इलाज और दवा की व्यवस्था के कारण एक सामान्य परिवार में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च निरंतर कम हो रहा है।

भारत में, नागरिकों की दिनचर्या में आ रही गिरावट एवं खानपान में आए बदलाव के चलते देश में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसका इलाज महंगा होने के कारण आम नागरिकों के लिए इस बीमारी का इलाज कराना बहुत मुश्किल कार्य होता जा रहा है। अतः केंद्र सरकार ने कैंसर दवाओं के आयात पर कस्टम ड्यूटी को समाप्त कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा, अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए, सर्वाइकल कैंसर के लिए अब तक लगभग नौ करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। देश में लगातार बढ़ रही कैंसर के मरीजों की संख्या को देखते हुए देश के समस्त जिलों में आगामी 3 वर्षों के दौरान डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना कर दी जाएगी। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 200 डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना की जा रही है।

इसी प्रकार केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से दिमागी बुखार से लड़ने में देश को बहुत सफलता मिली है। इससे होने वाली मृत्यु दर अब घटकर छह प्रतिशत रह गयी है। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या भी घटी है। भारत को टीबी मुक्त बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम की सही ट्रैकिंग रखने के लिए डब्ल्यूआईएन नामक पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल पर अब तक लगभग तीस करोड़ वैक्सीन खुराक दर्ज हो चुकी है। टेली मेडिसिन के माध्यम से तीस करोड़ से अधिक ईङ्कटेली-कन्सल्टेशन से नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिला है।

देश में यदि विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं तो इन बीमारियों के पहचानने के लिए उचित संख्या में डॉक्टरों की उपलब्धता बनी रहे एवं विशेष रूप से गांवों में भी डॉक्टर उपलब्ध रहें इस हेतु केंद्र सरकार द्वारा देश में डॉक्टरों की संख्या को बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में 110,000 नई मेडिकल सीटों का सृजन, 130 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ, किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीटों का सृजन भी किया जा रहा है ताकि आगामी पांच वर्षों के दौरान देश के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 नई सीटों के सृजन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। साथ ही, केंद्र सरकार हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग को भी बढ़ावा दे रही है। देश में नए बल्क ड्रग और मेडिकल डिवाइसेस के पार्क भी बनाए जा रहे हैं। इनमें रोजगार के अनेक नए अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं।



जल जनित बीमारियों के बचाव के उद्देश्य से, विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की दृष्टि से, ताकि दूषित जल पीने से होने वाली बीमारियों से नागरिकों की रक्षा की जा सके, केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 से जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है और अभी तक 15 करोड़ परिवारों (भारत की 80 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या) को इस योजना के अंतर्गत नलों के माध्यम से शुद्ध जल उपलब्ध कराया जा चुका है।

स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की दृष्टि से भारत में निवासरत नागरिक एक तरह से स्वर्ग में निवास कर रहे हैं। अन्यथा, अन्य कई विकसित देशों में आज स्वास्थ्य सेवाएं न केवल अत्यधिक महंगी दरों पर उपलब्ध हो रही हैं बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का समय पर उपलब्ध होना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। अमेरिका में किसी नागरिक को यदि किसी डॉक्टर से अपाइंटमेंट लेना हो तो कभी कभी तो एक माह तक इसका इंतजार करना होता है। इमर्जेन्सी की स्थिति में विशेष इमर्जेन्सी अस्पताल में दिखाना होता है, जहां अत्यधिक महंगी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती है। यदि किसी नागरिक के पास स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध नहीं है तो सम्भव है कि पूरे जीवन भर की कमाई इन विशेष इमर्जेन्सी अस्पतालों में खर्च हो जाए। अतः स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में अमेरिका में आज डॉक्टर को दिखाकर दवाई लेना अति मुश्किल काम है। इन विकसित देशों के विपरीत, भारत में तो किसी भी मोहल्ले में डॉक्टर को बहुत आसानी से दिखाया जा सकता है एवं तुरंत दवाई ली जा सकती है। आज अमेरिका में स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वहां के नागरिक बीमार होने की स्थिति में, स्थानीय डॉक्टर से चूंकि तुरंत समय नहीं मिल पाता है अतः, ये बीमार नागरिक आस पास के देशों में जाकर अपना इलाज करा रहे हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में बिना मेडिकल बीमा के आप इन देशों में जिंदा नहीं रह सकते। अब आप कल्पना करें कि भारत में इलाज कराना कितना आसान है एवं वास्तव में ही इस दृष्टि से हम भारत में एक तरह से स्वर्ग में निवास कर रहे हैं।

कुल मिलाकर, देश में उत्तम स्थिति तो यह होनी चाहिए कि देश के नागरिक बीमार ही नहीं पड़ें, यह तभी सम्भव है जब देश के नागरिक अपनी सनातन संस्कृति के संस्कारों का नियमित रूप से अनुपालन पुनः प्रारम्भ करें। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो केंद्र एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इसी प्रकार अपने बजट में बहुत बड़ी राशि का प्रावधान करते रहना पड़ेगा।

(लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक हैं)

# न्यूज़ीलैंड से बढ़ती नजदीकी के मायने

(विवेक काटजू, पूर्व राजनयिक)


उभर रही नई विश्व व्यवस्था में भारत और न्यूजीलैंड का एक-दूसरे के करीब आना खासा उल्लेखनीय है। सोमवार को नई दिल्ली में दोनों देशों के शासनाध्यक्षों की मुलाकात और रक्षा, खाद्य-प्रसंस्करण, दवा, अक्षय ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग बढ़ाने के समझौते संकेत हैं कि दोनों मुल्क विभिन्न अहम क्षेत्रों में संबंधों को नई ऊंचाई देने को उत्सुक हैं। यह अनायास नहीं है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन 20 मार्च तक भारत में हैं और उनका यह दौरा कितना अहम है, यह इसी से पता चलता है कि नई दिल्ली व वेलिंगटन के बीच संबंध भले सदैव सौहार्दपूर्ण रहे हैं, लेकिन उनमें विशेष घनिष्ठता कभी नहीं रही।

शीत युद्ध के दौरान भी जहां न्यूजीलैंड अमेरिकी खेमे का हिस्सा था, भारत गुट-निरपेक्षता की राह चल रहा था। न्यूजीलैंड चूंकि प्रशांत महासागर में स्थित है, इसलिए उसका ध्यान श्वेत देशों या फिर महासागरीय द्वीपों के साथ संबंधों की बेहतरी पर रहा है। भारत ने भी राजनीतिक व राजनयिक नजरिये से न्यूजीलैंड में कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई थी। मगर बदले वैश्विक हालात ने दोनों को नजदीक ला दिया है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा क्रिस्टोफर लक्सन को द्विपक्षीय दौरे का निमंत्रण देना राजनयिक दृष्टि से काफी सराहा गया है।


17 मार्च को लक्सन व मोदी की द्विपक्षीय बातचीत हुई और बाद में लक्सन ने 'रायसीना डॉयलॉग' का उद्घाटन भी किया। यहां अपने भाषण में उन्होंने भारत-न्यूजीलैंड के बीच राजनीतिक बातचीत बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रक्षा संस्थानों के संबंध घनिष्ठ होने चाहिए और आर्थिक व कारोबारी रिश्ते को भी कहीं अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए। अपने भाषण में उन्होंने न्यूजीलैंड में रहने वाले अप्रवासी भारतीयों की भी प्रशंसा की और कहा कि वे न्यूजीलैंड की आबादी के छह प्रतिशत हैं एवं वहां के कई क्षेत्रों में अपनी अहम भागीदारी निभा रहे हैं। उल्लेखनीय यह भी है कि इससे एक दिन पहले ही दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की थी। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों राष्ट्रों ने 1.7 अरब डॉलर का कारोबार किया है।

लक्सन के इस दौरे को राजनयिक और सामरिक, दोनों पहलुओं से देखना चाहिए। दोनों नेताओं की बातचीत के बाद जो संयुक्त बयान जारी हुआ है, उसमें यह स्पष्ट है कि भारत और न्यूजीलैंड अपने राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक संबंध पहले से अधिक मजबूत बनाना चाहते हैं। न्यूजीलैंड का एक मकसद अधिक से अधिक भारतीय छात्रों को अपने शैक्षणिक संस्थानों से जोड़ना भी है। ऐसे में, आने वाले दिनों में नजर इस बात पर बनी रहेगी कि दोनों प्रधानमंत्रियों की इन इच्छाओं को दोनों देशों के नौकरशाह और उद्योगपति कितना आगे बढ़ा पाते हैं? व्यापार क्षेत्र पर भी विशेष नजर होगी, क्योंकि दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की बात कह रहे हैं।इस द्विपक्षीय संबंध का बड़ा असर हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर पड़ सकता है। न्यूजीलैंड अमेरिका का मित्र देश है, लेकिन वह 'क्वाड' (जापान, ऑस्ट्रेलिया, भारत और अमेरिका का समूह) का हिस्सा नहीं है। असल में, वह हमेशा महाशक्ति देश के साये तले ही रहा है, जिसका असर भारत-न्यूजीलैंड रिश्ते पर भी पड़ा है। अब लक्सन चाहते हैं कि वह अपने देश की वैश्विक भूमिका बढ़ाएं। सामरिक मामलों को लेकर उनका यही मत है कि भारत व न्यूजीलैंड को अपने रिश्ते रक्षा के क्षेत्र में बढ़ाने चाहिए और दोनों देश के बीच, खासतौर से नौसेना में सहयोग बढ़ना चाहिए। न मोदी और न ही लक्सन ने चीन का जिक्र किया, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ रहा है, और जिस तरह क्वाड के देश बीजिंग के बढ़ते प्रभाव से चिंतित हैं, न्यूजीलैंड की पेशानी पर भी बल होंगे।

### बिन्दु मिलाओ और कलर करो...



## वर्ग पहेली 5541



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 8 जून 1936 इंडियन स्टेट ब्राडकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर यह रख दिया गया (8)
8. टेढ़ापन, दोष, कुटिल (2)
7. इस्लामी नवां महिना जिसमें मुस्लिम दिनभर रोजा रखते है (4)
9. वज्र, बिजली (2)
11. मैं का बहुवचन (2)
12. सर्वश्रेष्ठ होने या वरीय होने का भाव (4)
14. आकाश, जल, वायु (2)
15. ईश्वर का एक नाम हजरत मुहम्मद के दामाद और चौथे खलीफा (2)
16. गढ़, कोट, दुर्ग (2)
17. पूजा करने वाला, भक्त (3)
18. रात्रि, रात, यामिनी (2)
19. पूरा, पूरी तरह भरा हुआ (2)
20. जिसे उर्दू में कुर्बानी कहा जाता है (4)
22. विवाह के समय वर को पहनाया जाने वाला ताड़पत्र (2)
23. शास्त्रीय संगीत में षड्जस्वर, सादृश्य (1)


**ऊपर से नीचे**

1. विश्व सिनेमा का सबसे बड़ा अवार्ड (3)
2. प्रबंध, व्यवस्था (4)
3. तिब्बत और मध्य एशिया में होने वाला एक जंगली भैसा (2)
4. रूपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
5. जोड़, मिलाप, संबंध, लगाव (2)
8. अधिक महत्व का (5)
10. आरके बैनर की फिल्म बरसात से अपना सरगीम सफर शुरू करने वाली संगीतकार जोड़ी में से एक (5)
12. उत्तराधिकारी, महात्मा, ऋषि (2)
13. जलाशय, सरोवर (3)
15. यशस्वी मुगल सम्राट जिसने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया (3)
16. गढ़, कोट, दुर्ग (2)
19. अर्चना, पूजन, वंदना (2)
21. हक या स्वामित्व (2)

**वर्ग पहेली 5540 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हे | श | भू | प | ति | | डै |
| त | ल | ब | | थि | र | क | ना |
| ग | न | | | क | प | ट | |
| ण | | ना | ना | | | नी | म |
| ना | म | ज | द | गी | | | ह |
| | म | नी | | ता | ल | मे | ल |
| सं | ता | न | | द | | म | |
| ज्ञा | | | द | त्त | | ना | रा |

### रास्ता खोजो



Reliance
AUTHORISED DEALER
Konark Enterprises Pvt. Ltd.
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath



# इन चीजों की मदद से करें अपने हैंडबैग की सफाई

**ज्यादातर महिलाएं अपने लंच बॉक्स से लेकर खाने की छोटी चीजें भी पर्श में रखती हैं। ऐसे में पर्स काफी ज्यादा गंदा हो जाता है। अगर आपका भी हैंडबैग महंगा है और काफी जल्दी गंदा हो गया है तो आपको कुछ आसान हैक्स की मदद से अपने हैंडबैग की सफाई करनी होगी। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे अपने हैंडबैग की मिनटों में सफाई कर सकती हैं।**

### फालतू कागजात हटा दें

हैंडबैग में रखा फालतू कागजात को आपको हटाना होगा। यह हैंडबैग को काफी ज्यादा गंदा करते हैं। इतना ही नहीं, इसके कारण आपके बैग में सामान रखने की भी जगह नहीं होती है। अगर हैंडबैग की सफाई करनी है तो इन चीजों को हटाना होगा।

### ड्राई क्लीन करें

आप अपने हैंडबैग को समय- समय पर ड्राई क्लीन करते रहना चाहिए। इससे बैग क्लीन रहता है। ड्राई क्लीन करने के लिए बैग में रखा सारा सामान निकालना होगा और सूती कपड़ों की मदद से पूरे हैंडबैग की सफाई करनी होगी। ऐसा करने से आपका हैंडबैग साफ हो जाएगा।

### टिफिन ध्यान से रखें

अगर आप अपने बैग में टिफिन रखती हैं तो टिफिन को किसी बैग में करके रखना चाहिए। इससे आपके बैंक में गेवी वाली चीजें नहीं गिरेगी। यह आपके महंगे हैंडबैग को खराब कर सकता है। हालांकि इस स्थिति में आपको अपने हैंडबैग को पानी की मदद से धोना होगा। बार- बार हैंडबैग को धोने से यह पुराना हो सकता है। ऐसे में आपको इन चीजों का खास ध्यान रखना है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- हैंडबैग की सफाई करते समय जल्दबाजी ना करें।
- हैंडबैग की सफाई के समय हार्ड ब्रश का इस्तेमाल ना करें।
- हैंडबैग की सफाई के समय डिटर्जेंट का इस्तेमाल ना करें।

### इन चीजों से करें सफाई

- हैंडबैग की सफाई गुनगुना पानी से करें
- हैंडबैग की सफाई लिक्विड डिटर्जेंट से करें
- हैंडबैग की सफाई स्टीमर से करें




# नकली शॉपिंग वेबसाइट को पहचानने के ये तरीके आप भी जानें

## बाद में नहीं होगा पछतावा

**अगर आप भी ऑनलाइन शॉपिंग करना पसंद करती हैं तो आपको बता दें इन दिनों कई लोग बड़े- बड़े ब्रांड्स के नाम पर नकली शॉपिंग वेबसाइट बना देते हैं। ऐसे में आपको इन वेबसाइट से बचकर रहना चाहिए। अब आप सोच रहे होंगे आखिर नकली वेबसाइट के बारे में कैसे पता करें कि यह असली वेबसाइट है या नकली।**

टेक्नोलॉजी के इस जमाने में लोग बाहर जाने से ज्यादा ऑनलाइन शॉपिंग करना ही पसंद करते हैं। अगर आप भी ऑनलाइन शॉपिंग करना पसंद करती हैं तो आपको बता दें इन दिनों कई लोग बड़े- बड़े ब्रांड्स के नाम पर नकली शॉपिंग वेबसाइट बना देते हैं। ऐसे में आपको इन वेबसाइट से बचकर रहना चाहिए। अब आप सोच रहे होंगे आखिर नकली वेबसाइट के बारे में कैसे पता करें कि यह असली वेबसाइट है या नकली। ऑनलाइन कई शॉपिंग वेबसाइट ऐसे हैं जो यूजर्स से पैसे तो ले लेते हैं लेकिन उनका सामान उन तक नहीं पहुचाते हैं। चलिए जानें कैसे आप फर्जी वेबसाइट को पहचान सकती हैं।

### खराब वेबसाइट डिजाइन

अगर आप किसी वेबसाइट पर पहली बार गए हैं तो आपका ध्यान उस वेबसाइट के डिजाइन पर जा रहा होगा। ऐसे में अगर आपको वह देखने में अजीब लगे तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। वेबसाइट अपने डिजाइन पर काफी ज्यादा ध्यान देते है। ऐसे में फर्जी वेबसाइट इन चीजों पर ध्यान नहीं देते। वह लोकल डिजाइन बना देते हैं। ऐसे में आप फर्जी वेबसाइट को पकड़ सकती हैं।

### अधूरी प्रोडक्ट की जानकारी

अगर आप किसी प्रोडक्ट के देख रहे हैं और उस प्रोडक्ट के बारे में पूरे तरीके से जानकारी नहीं दी गई हैं तो आपको तुरंत समझ जाना है की यह वेबसाइट फर्जी है। असली वेबसाइट अपने प्रोडक्ट की पूरे तरीके से जानकारी देते हैं। वहीं नकली की करें तो वह ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्ट सस्ते दाम पर देते हैं। ताकि लोग उसका कम दाम देखकर तुरंत उसे आर्डर करें।

# इन 3 टिप्स की मदद से पहचानें फेक वेबसाइट

**आजकल कई सारे साइबर अपराध हो रहे हैं। अलग-अलग तरह के ऑफर और डिस्काउंट के बारे में बता कर कई फेक वेबसाइट की मदद से ऑनलाइन ठगी हो रही है लेकिन अगर आप इन साइबर अपराध से बचना चाहती हैं तो आपको फेक वेबसाइट की पहचान करना आना चाहिए। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे फेक वेबसाइट की पहचान कर सकती हैं।**

### चेक करें वेबसाइट का एड्रेस टाइप

आपको वेबसाइट का एड्रेस टाइप सबसे पहले चेक करना चाहिए। आपको बता दें कि वेबसाइट के एड्रेस में कई तरह की जानकारी होती है जिससे आप यह पता कर सकते हैं कि वेबसाइट फेक है या नहीं। अगर साइट का यूआरएल एचटीटीपीएस से शुरू होता है तो ज्यादातर ऐसी वेबसाइट असली होती हैं लेकिन कई बार फेक वेबसाइट की तरह ही यूआरएल फेक वेबसाइट के ढग भी बना लेते हैं। आप वेबसाइट को ओपन करने से पहले माउस को लिंक पर ले जाएं। इससे यूआरएल और हाइपरलिंक पॉप अप के रूप में दिख जाएगा। जिससे आपको वेबसाइट की पहचान करने में मदद मिलेगी। इस तरह से आप यह पता कर पाएंगी की वेबसाइट फेक है या फिर असली है।



### ऐसे करें चेक

वेबसाइट पर लिखी गई अंग्रेजी को भी चेक करें और साथ ही आपको वेबसाइट के डोमेन नेम को जरूर चेक करना चाहिए। इसके अलावा आपको यह भी चेक करना चाहिए कि वेबसाइट में नीचे स्क्रॉल करने पर कॉपीराइट संबंधी जानकारी दी गई है या फिर नहीं। साथ ही आपको यह भी देखना चाहिए कि यूआरएल के आगे लॉक का निशान बना हुआ है कि नहीं। अगर यूआरएल के आगे लॉक का निशान बना होता है तो यानी की वह फेक वेबसाइट नहीं होती है। इन सभी चीजों को ध्यान रखकर आप यह पता कर सकती हैं कि वेबसाइट फेक है या फिर असली वेबसाइट है।

### देखें वेबसाइट सर्टिफिकेशन

अगर आप वेबसाइट के होमपेज और लॉगिन पेज पर एसएसएल सर्टिफिकेशन को चेक करेंगी तो आपको यह पता चल जाएगा कि वेबसाइट फेक है या फिर वेबसाइट असली है। इसके साथ ही आपको यह भी चेक करना चाहिए कि वेबसाइट पर कई आक्रामक विज्ञापन है या नहीं क्योंकि अगर आप वेबसाइट खोलती हैं और साइट पर कई तरह के आक्रामक विज्ञापन आपको नजर आते हैं तो समझ जाएं कि वह विज्ञापन वायरस से जुड़े हुए भी हो सकते हैं इसलिए आपको इन वेबसाइट पर तुरंत भरोसा करके अपनी पर्सनल जानकारी को शेयर नहीं करना चाहिए।



# बनना चाहती हैं बेस्ट बहू, तो शादी के बाद ससुराल वालों को ऐसे करें इंप्रेस

शादी के बाद लड़कियों के मन में अलग-अलग तरह की बातें चलती रहती हैं। वह सोचती हैं कि आखिर ऐसा कौन सा तरीका अपनाया जाए जिससे वो ससुराल वालों का दिल जीत लें। इस दौरान वो खाना बनाने से लेकर बातचीत का हर वो तरीका अपनाती हैं। बता दें कि ससुराल जाने के बाद लड़कियों के जीवन में कई तरह के बदलाव आते हैं, इस दौरान उन्हें नए तौर-तरीकों से अपने जीवन की शुरुआत करनी पड़ती है।

वहीं ससुराल वालों को इंप्रेस करना हर लड़की के लिए किसी मुश्किल टास्क से कम नहीं। कहा जाता है कि अगर ससुराल वालों के दिल में जगह बनाना चाहती हैं तो सबसे पहले दुल्हन को अपने सास-ससुर का दिल जीतना होगा। ऐसे में आज हम बताएंगे कुछ ऐसे तरीके जिसकी मदद से आप न सिर्फ ससुराल वालों को इम्प्रैस कर सकती हैं बल्कि बेस्ट बहू भी बन सकती हैं।

### पार्टनर की लें मदद

घर में आने के बाद हर किसी को समझने के लिए अपने पार्टनर की मदद लें। अगर किसी का बर्ताव आपके प्रति सही नहीं है तो उस बारे में उनसे चर्चा करें। पार्टनर आपको सभी से मिलने में मदद कर सकता है और बेहतर राय दे सकता है। नए घर में चीजों को बेहतर तरीके से करने के लिए उनसे सलाह लेती रहें।

### घर के किसी एक सदस्य को बनाएं दोस्त

ससुराल में कई ऐसे लोग होते हैं जो जल्द ही आपके दोस्त बन जाते हैं। इसमें देवर या फिर ननद कोई भी हो सकता है। ऐसे में उनकी पसंद को जानें और पर्सनल बॉन्ड बनाएं। जिससे आप दोनों एक दूसरे से खुलकर बात कर सकें और अपनी बातें शेयर कर सकें। घर में किसी एक से अच्छी बॉन्डिंग होने से आप बाकी लोगों के बारे में अच्छी तरह जान सकती हैं।

### हर किसी को खुश करने न करें कोशिश

कोशिश करें कि सभी आपके काम या फिर व्यवहार को पसंद करें। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप जबरदस्ती काम करें। इसके अलावा अगर आपको कुछ बातें पसंद नहीं है तो सीधे ना कर दें। ऐसा जरूरी नहीं कि आप हर किसी की बातों पर हंसे या फिर हां में हां मिलाएं। दूसरों को जानने के अलावा खुद के बारे में भी लोगों को जानने दें। यह बेहद जरूरी है कि घर के बाकी सदस्यों की तरह आपको भी उतना ही सम्मान मिले।

### किसी के लिए न बनाएं गलत धारणा

सास और ससुर के प्रति पहले से गलत धारणा न बनाएं बल्कि उन्हें समझने के लिए वक्त लें। हर वक्त उनसे बात करें और अच्छी बॉन्डिंग बनाएं। आमतौर पर सास की नेगिटिव छवि बनाई जाती है, ससुराल में घर के बाकी सदस्यों की तरह उन्हें भी अपना प्यार दें और उनके साथ बेहतर रिश्ता बनाएं।

### सोच-समझकर बातें करें शेयर

लोग आपसे पर्सनल लाइफ या फिर शादी से पहले के रिलेशनशिप को लेकर सवाल कर सकते हैं। ऐसे में सबकुछ बताने के बजाय उन्हीं बातों को शेयर करें जो आप बताना चाहती हैं। कई बार ऐसा होता है जब आपकी पास्ट रिलेशनशिप का प्रभाव आपकी मैरिड लाइफ पर भी पड़ सकता है। इसलिए अपनी पसंद या फिर ख्वाहिशों के बारे में बताएं।

### अपने कपड़ों से करें इंप्रेस

कई लड़कियों को अपनी पसंद के कपड़े पहनने की आदत होती हैं। ऐसे में जब कोई फंक्शन या फिर त्योहार हो तो उसके हिसाब से कपड़े पहने। नई नवेली दुल्हन को हर कोई देखना चाहता हैं, ऐसे में आप अच्छी तरीके से तैयार होती हैं तो लोग आपकी तारीफ करेंगे। आपकी तारीफ से ससुराल वाले भी खुश होंगे।

### फैमिली के शिष्टाचार में दिखाएं रुचि

हर एक परिवार के अपने नियम होते हैं और भले ही आपको इसकी आदत नहीं है लेकिन उनके साथ भागीदारी जरूर बनायें। घर की खुशी के लिए उनके नियमों का पालन करें, लेकिन अगर आपको कुछ नियम नहीं पसंद तो उन्हें इस बारे में बताएं। उन्हें अपनी बातों से समझाएं कि आप ऐसा नहीं कर सकती हैं।

# बच्चों के नखरे उठाने और पालन पोषण करने में आती है दिक्कत?

## एक्सपर्ट से जान हैंडल करने के टिप्स

**नखरे बच्चों का गहना हैं। बच्चे चंचल हों तो चिंता की बात नहीं होती, लेकिन उनमें आवश्यकता से अधिक गंभीरता हो तो जरूर चिंता होती है। लेकिन कभी-कभी बच्चों का नखरा संभालना मुश्किल हो जाता है। कब उनका नखरा जिद बन जाता है और कब जिद जी का जंजाल बन जाती है, माता-पिता समझ ही नहीं पाते। इसके लिए, मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक डॉ. राहुल से जानें, बच्चों नखरे हैंडल करने के टिप्स।**

### जब हाथ से निकलने लगता है नखरा

अपने मन का न होने पर पैर पटकने लगना, चीखना-चिल्लाना, दीवार पर हाथ-पैर मारने लगना, काटना या जानबूझकर खाना छोड़ देना कुछ ऐसे लक्षण हैं, जो दिखाते हैं कि आपके बच्चे का नखरा अब जिद में बदल चुका है और आपको उसे संभालने के लिए मेहनत करनी होगी। इस बिंदु पर अगर आपने संयम खोया तो बच्चे को संभालना मुश्किल हो सकता है। सामान्य तौर पर दो साल की उम्र के बाद से बच्चे इस तरह के नखरे दिखाने लगते हैं।

### नखरे का कारण समझिए

इस उम्र में बच्चे आमतौर पर हताशा के कारण जिद करने लगते हैं। होता यह है कि बच्चे अपनी बात को पूरी तरह प्रकट नहीं कर पाते हैं। मन और भावनाओं की तुलना में उनका संवाद कम विकसित होता है, इसी कारण उन्हें हताशा होने लगती है। इसी हताशा में बच्चे जिद करते हैं। अगर आप उनकी बात समझ लें तो उन्हें समझाना आसान हो जाता है।

### शांत बने रहिए


जब बच्चा नखरे कर रहा हो तो आपका शांत बने रहना जरूरी हो जाता है। नम्रता के साथ-साथ आपको दृढ़ता से उसे समझाना चाहिए। कोशिश कीजिए वह किसी भी तरह खुद को नुकसान न पहुंचाए। उसे उन चीजों या परिस्थितियों से दूर रखिए, जिनसे उसे गुस्सा आता है। उसे डांटने के बजाय संभलने का मौका दीजिए। जैसे ही लगे कि बच्चा कोई जिद करने वाला है, बिना ज्यादा प्रतिक्रिया दिए उसे वहां से हटाकर किसी और बात में बहला दीजिए।

### दिल पर मत लगाइए बात

ऐसी स्थिति में बच्चे बहुत कुछ ऐसा कह या कर देते हैं, जो माता-पिता के रूप में आपको बुरा लग सकता है। उन बातों को दिल से लगाकर गुस्सा मत होइए। न ही आपको उसके व्यवहार के लिए स्वयं को दोषी मानने की जरूरत है। ध्यान रखिए कि बच्चा जो कर रहा है उसका कारण आप नहीं, उसकी हताशा है। बच्चा किसी सार्वजनिक स्थान जैसे मॉल या पार्क आदि में ऐसा करे, तब आपका धैर्य रखना और भी जरूरी हो जाता है।

### रखें इन बातों का ध्यान

घर में कोई मेहमान आने वाला हो तो बच्चे को पहले से उसके बारे में बता दें। ऐसे मामलों में बच्चे ज्यादा सरप्राइज पसंद नहीं करते हैं। बच्चों को प्रेम से समझाइए कि मेहमानों के सामने कैसा व्यवहार करना चाहिए। इसके अलावा, अगर बच्चों को कहीं लेकर जाएं तो कोशिश करें कि उनका पसंदीदा खिलौना साथ रहे। इससे बच्चे को संभालना आसान हो जाता है।



## छठवां स्वरूप कात्यायनी



सूक्ष्म जगत जो अदृश्य, अव्यक्त है, उसकी सत्ता मां कात्यायनी चलाती हैं। वह अपने इस रूप में उन सब की सूचक हैं, जो अदृश्य या समझ के परे है। मां कात्यायनी दिव्यता के अति गुप्त रहस्यों की प्रतीक हैं।

# छत्तीसगढ़ में 'गोली' वाले अब 'बोली' पर आ गए

● ताबड़तोड़ एनकाउंटर से खौफ में नक्सली,कहा-हमसे बात कर लो

**सुकमा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में ताबड़तोड़ एनकाउंटर के बाद नक्सलवादी खौफ में आ गए हैं। नक्सलवाद का सफाया होते देख प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। समिति ने शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और भाकपा (माओवादी) दोनों से बिना शर्त सीजफायर की मांग की है। समिति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 'कागर' नामक



एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। इस अभियान के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हिंसा, हत्याएं और सामूहिक गिरफ्तारियां हुई हैं। इस अभियान के दौरान 400 से अधिक माओवादी नेता, कार्यकर्ता और आदिवासी नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं। शांति वार्ता के लिए माओवादियों ने कुछ शर्तें भी रखीं हैं, जिनमें प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों से सुरक्षा बलों की तत्काल वापसी, नई सैन्य तैनाती का अंत और आतंकवाद विरोधी अभियानों का निलंबन शामिल है। संगठन ने सरकार पर क्रांतिकारी आंदोलनों को दबाने के लिए आदिवासी समुदायों के खिलाफ 'नरसंहार युद्ध' छेड़ने का आरोप लगाया है। साथ ही नागरिक क्षेत्रों में सैन्य बलों के उपयोग को असंवैधानिक बताया जाता है।

## हाथों में गुलाब और 'शुक्रिया मोदी जी' के बैनर...

● वक्फ बिल के समर्थन में सड़कों पर उतरीं बुर्का पहनीं महिलाएं, ढोल-नगाड़े भी बजे ● वक्फ बिल के समर्थन में उतरा मुस्लिम समाज, गुलाब के फूल लिए सड़कों पर दिखे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल में बुधवार को एक अनोखा नज़ारा देखने को मिला। बुर्का पहने महिलाएं, हाथों में गुलाब और 'थैंक यू मोदी जी' के प्लेकार्ड लिए सड़कों पर उतर आए। ये सभी वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में इकट्ठा हुए थे। केंद्र सरकार ने इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया है। इस विधेयक का उद्देश्य देशभर में वक्फ बोर्डों के स्वामित्व वाली संपत्तियों को विनियमित करने वाले कानूनों में बड़े बदलाव लाना है। शहर के विभिन्न मुस्लिम समुदायों ने विधेयक के समर्थन में रैलियां निकालीं। बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने भी प्रदर्शनों में भाग लिया और 'थैंक यू, मोदी जी' लिखे पोस्टर पकड़े थे।



## पूरी दुनिया मान रही भारतीय हथियारों का लोहा

● रक्षा निर्यात में देश ने रच दिया एक और कीर्तिमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भारत रोजाना नए आयाम छू रहा है। इस बीच इस क्षेत्र से जुड़ी एक और खुशखबरी सामने आई है। सरकार ने मंगलवार को बताया है कि भारत ने रक्षा निर्यात के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सरकार ने यह भी बताया है कि देश के रक्षा निर्यात में पिछले साल की तुलना में 12 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान भारत ने 80 से ज्यादा देशों में हथियारों की आपूर्ति की है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया, वित्तीय वर्ष 2024-25 में सार्वजनिक क्षेत्रों द्वारा निर्यात में 42.85 फीसदी की वृद्धि हुई है। यह वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की बढ़ती स्वीकार्यता और ग्लोबल सप्लाई चेन में भारतीय रक्षा उद्योग की हिस्सा बनने की क्षमता को दर्शाता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान जहां निजी क्षेत्रों ने 15,233 करोड़ रुपये का योगदान दिया, वहीं सार्वजनिक क्षेत्र ने 8,389 करोड़ रुपये का योगदान दिया। पिछले साल इस अवधि में यह आंकड़ा क्रमशः 15,209 करोड़ रुपये था।



# वक्फ बोर्ड के पास देश में तीसरी सबसे बड़ी संपत्ति

● किरेन रिजिजू ने संसद में आंकड़ों से बताया कितनी संपत्ति ● सेना, रेलवे नहीं,वक्फ के पास है सबसे ज्यादा निजी संपत्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा, ऑनलाइन, ज्ञापन, अनुरोध और सुझाव के रूप में कुल 97,27,772 याचिकाएं प्राप्त हुई हैं। 284 डेलिगेशन ने कमेटी के सामने अपनी बात रखी और सुझाव दिए। सरकार ने उन सभी पर ध्यानपूर्वक विचार किया है, चाहे वे जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) के माध्यम से हों या सीधे दिए गए ज्ञापन। इतिहास में पहले कभी किसी विधेयक को इतनी बड़ी संख्या में याचिकाएं नहीं मिली हैं। वक्फ की संपत्ति पर बोलते हुए रिजिजू ने कहा, वक्फ बोर्ड के पास लाखों एकड़ जमीन और लाखों करोड़ की संपत्ति है तो देश के गरीब मुसलमानों के लिए इसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है।



रिजिजू ने कहा कि रेलवे और सेना की जमीन पब्लिक प्रॉपर्टी है, जिसका इस्तेमाल देश के लिए होता है। वह किसी की निजी संपत्ति नहीं है। बता दें कि देश में वक्फ बोर्ड के पास रेलवे और सेना के बाद देश में तीसरी सबसे बड़ी संपत्ति है। वक्फ बोर्ड आज देशभर में करीब 8 लाख 70 हजार संपत्तियों को नियंत्रित करता है। ये संपत्तियां करीब 9 लाख 40 हजार एकड़ जमीन पर फैली हुई हैं। जिनकी अनुमानित कीमत 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये है। दुनिया में सबसे ज्यादा वक्फ संपत्ति भारत में है। किरेन रिजिजू ने बताया कि भारत में सबसे अधिक जमीन इंडियन रेलवे के पास है। इसके बाद डिफेंस और तीसरा नंबर वक्फ बोर्ड का आता है। मैं उसे सुधारना चाहता हूं। हजारों किलोमीटर रेलवे ने पटरी लगाया है। वो रेलवे की संपत्ति थोड़े है। देश की संपत्ति है। डिफेंस देश की रक्षा करता है उसकी संपत्ति देश की है। उसकी जमीन देश की है। वक्फ प्रॉपर्टी प्राइवेट प्रॉपटी होती है। दुनिया में सबसे अधिक वक्फ प्रॉपर्टी भारत में है। ऐसा क्यों है। 60 साल तक आप सत्ता में रहे हैं, दुनिया की सबसे अधिक संपत्ति वक्फ के पास है तो हमारे देश का मुसलमान गरीब क्यों है। मुसलमानों की भलाई के लिए क्यों नहीं काम हुआ। विधेयक को सदन में पेश करते ही विपक्षी दलों ने विरोध शुरू कर दिया। कांग्रेस ने विधेयक के खिलाफ अपनी आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें विधेयक की प्रति देर से प्राप्त हुई, जिसके कारण उन्हें समीक्षा के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला।

# गुजरात में कांग्रेस की सियासी परीक्षा

● 64 साल बाद अहमदाबाद में होगा अधिवेशन,पटेल की विरासत पर नजर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) 64 साल के लंबे अंतराल के बाद गुजरात में अपने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन की मेजबानी करने जा रही है। यह ऐतिहासिक सत्र 8 और 9 अप्रैल 2025 को अहमदाबाद में आयोजित होगा। इससे पहले गुजरात में आखिरी एसीसी



सत्र 1961 में भावनगर में हुआ था। गुजरात में अपने अस्तित्व के संकट और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार मिल रही चुनावी हार के बीच पार्टी इस सत्र के जरिए नई ऊर्जा प्राप्त करने की कोशिश करेगी। गुजरात में 64 साल बाद हो रहा यह सत्र कई ऐतिहासिक संयोगों के कारण खास बन गया है। यह साल महात्मा गांधी की एकमात्र कांग्रेस अध्यक्षीय कार्यकाल की शताब्दी और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी प्रतीक है।

## नंदीग्राम में अयोध्या जैसा भव्य राम मंदिर बनाने की है तैयारी

● रामनवमी पर रखी जाएगी आधारशिला,1.5 एकड़ भूमि पर बनेगा मंदिर

**कोलकाता (एजेंसी)।** भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के सीनियर नेता शुभेंदु अधिकारी ने रामनवमी को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में अयोध्या जैसा भव्य राम मंदिर बनाया जाएगा और इसकी आधारशिला 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन रखी जाएगी। विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने सोमवार को अपने गृह जिले पूर्व मेदिनीपुर में यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि सोनाचुरा में शिलान्यास समारोह से पहले भांगबेरा से सोनाचुरा तक एक भव्य जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें सभी दुर्गा पूजा और स्थानीय मंदिर समितियों के प्रतिनिधियों के अलावा हिंदू धार्मिक संगठन और सामुदायिक क्लब भाग लेंगे।



आईपीएल 2025:

# श्रेयस को रोकना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन

## लखनऊ के खिलाफ नाबाद अर्धशतक से एक साथ तोड़ा धोनी-गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 13वें मुकाबले में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स को श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स ने बड़ी ही आसानी से 8 विकेट से हरा दिया। पंजाब किंग्स का ये इस लीग में दूसरा लीग मैच मैच था और दोनों ही मैचों में इस टीम को जीत मिली। पंजाब की बैटिंग इस मैच में धाकड़ रही और इस टीम ने 172 रन के टारगेट को 8 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया।

लखनऊ के खिलाफ इस मैच में पंजाब के ओपनर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (69 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (52 रन) ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली जबकि चौथे नंबर पर बैटिंग करने आए नेहर वढेरा (43 रन) भी नाबाद रहे।

पंजाब के लिए इस मुकाबले में अर्शदीप सिंह काफी असरदार रहे और अपनी टीम के लिए 3 विकेट लेने में सफलता हासिल की। प्रभसिमरन सिंह को उनकी तेज बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया तो वहीं कमाल की लय में चल रहे कप्तान श्रेयस ने नाबाद पारी के दम पर एमएस धोनी और एडम गिलक्रिस्ट के बड़े रिकॉर्ड को तोड़न में सफलता हासिल की।

### श्रेयस अय्यर ने एमएस धोनी को पीछे छोड़ा

श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई और बतौर कप्तान एक बेहतरीन रिकॉर्ड अपने नाम किया। श्रेयस अय्यर ने बतौर कप्तान आईपीएल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बना ली।

बतौर कप्तान श्रेयस की आईपीएल में ये लगातार 8वीं जीत रही और उन्होंने एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने कप्तान के रूप में साल 2013 में लगातार 7 मैचों में जीत हासिल की थी। वहीं श्रेयस ने शेन वॉर्न की बराबरी कर ली जिन्होंने साल 2008 में लगातार 8 मैच जीते थे।

### आईपीएल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तान

10 - गौतम गंभीर (2014-15)
8 - शेन वॉर्न (2008)
8 - श्रेयस अय्यर (2024-25)
7 - एमएस धोनी (2013)

श्रेयस ने तोड़ा एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड

श्रेयस अय्यर ने लखनऊ के खिलाफ हुए मैच में 30 गेंदों पर 4 छक्के और 3 चौकों की मदद से नाबाद 52 रन की पारी खेली और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 173.33 का रहा। अपनी पारी में लगाए 4 छक्कों के दम पर श्रेयस अय्यर आईपीएल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में 7वें नंबर पर आ गए और एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ दिया।

श्रेयस ने बतौर कप्तान इस लीग में अब तक 83 छक्के लगाए हैं जबकि गिलक्रिस्ट ने 79 सिक्स जड़े थे। इस सूची में पहले स्थान पर एमएस धोनी हैं जिन्होंने 218 छक्के लगाए हैं।

### आईपीएल में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा छक्के (पारी)

218 - एमएस धोनी (196)
168 - विराट कोहली (142)
158 - रोहित शर्मा (157)
109 - डेविड वॉर्नर (83)
105 - केएल राहुल (64)
91 - संजू सैमसन (60)
83 - श्रेयस अय्यर (71)
79 - एडम गिलक्रिस्ट (74)

# बीसीसीआई ने फिर दिखाया ईशान किशन को ठेंगा

### टीम इंडिया में वापसी, अब तो भूल ही जाओ!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट अभी जारी नहीं हुई है, लेकिन विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर अपडेट है कि वो + ग्रेड में बने रहने वाले हैं. मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि श्रेयस अय्यर को उनका कॉन्ट्रैक्ट वापस मिलने वाला है. इस बीच विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के भविष्य पर भी खबर सामने आई है. याद दिला दें कि पिछले वर्ष श्रेयस अय्यर और ईशान किशन, दोनों को डोमेस्टिक क्रिकेट ना खेलने के कारण बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर कर दिया था. स्पोर्ट्स तक के मुताबिक बीसीसीआई श्रेयस अय्यर को अपना कॉन्ट्रैक्ट वापस दे सकती है. दूसरी ओर ईशान किशन को कॉन्ट्रैक्ट वापस पाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है. किशन नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच में आखिरी बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते दिखे थे.



### ईशान किशन को करना पड़ेगा इंतजार

स्पोर्ट्स तक के हवाले से एक सूत्र ने बताया, ईशान किशन को अभी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वापस पाने के लिए इंतजार करना पड़ेगा. उन्होंने दिक्कतों को सुधारा है, लेकिन अभी तक वह प्रदर्शन नहीं कर सके हैं, जिससे उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में वापस लाया जा सके. बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर होने के बाद ईशान किशन ने आईपीएल 2024 में सिर्फ 23 के औसत से 320 रन बनाए थे. इसके अलावा डोमेस्टिक मैचों में भी किशन कमाल का प्रदर्शन नहीं कर सके हैं. साल 2024 से किशन का टी20 में औसत सिर्फ 28.04 का रहा है.




## कोरोना काल में ट्रॉफियां बेचकर की थी मदद, अब 20 साल के गोल्फर अर्जुन भाटी को मिलेगा यूथ अवॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया और देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब अर्जुन ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.30 लाख रुपये की राशि दान में दी थी। यह राशि उन्होंने अपनी 102 ट्रॉफियां और वह जूते, जिन्हें उन्होंने पहनकर जूनियर विश्व चैंपियनशिप जीती थी, बेचकर जुटाई थी। गोल्फर अर्जुन भाटी की उम्र तो महज 20 साल है, लेकिन इस उम्र में उन्होंने गोल्फ कोर्स और उसके बाहर ऐसी उपलब्धियों को अंजाम दिया कि भारत सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड देने का फैसला लिया। तीन बार के जूनियर विश्व गोल्फ चैंपियन अर्जुन 150 के करीब ट्रॉफियां जीत चुके हैं।

**पीएम राहत कोष में दिए थे रुपये :** वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया और देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब अर्जुन ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.30 लाख रुपये की राशि दान में दी थी। यह राशि उन्होंने अपनी 102 ट्रॉफियां और वह जूते, जिन्हें उन्होंने पहनकर जूनियर विश्व चैंपियनशिप जीती थी, बेचकर जुटाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके इस प्रयास को सराहते हुए सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ की थी। अर्जुन को बुधवार को राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड दिया जाएगा। राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड से सम्मानित होने पर भारतीय गोल्फर अर्जुन भाटी ने कहा, मैं इस पुरस्कार के लिए बहुत आभारी हूं और यह मेरे परिवार और मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मेरे प्रयासों ने फल दिया है। मैं नौ साल का था जब मैंने अपने स्कूल में पहली बार गोल्फ खेला था। मैं पिछले 11 सालों से खेल रहा हूं और यह यात्रा बहुत अच्छी रही है। मेरे सफर में मुझे बहुत से समर्थक मिले हैं। मुझे यह खेल बहुत पसंद है।

**टाइगर वुड्स और विराट हैं आदर्श :** अर्जुन बताते हैं कि वह इन दिनों ब्रिटिश ओपन की तैयारियों में जुटे हैं। बीते वर्ष भी वह इस चैंपियनशिप के क्वालिफायर में खेले थे, लेकिन एक स्ट्रोक से मुख्य टूर्नामेंट में खेलने से रह गए थे। टाइगर वुड्स और विराट कोहली को आदर्श मानने वाले अर्जुन ने नौ साल की उम्र में गोल्फ खेलना शुरू किया था।



# चुम्बक की तरह खिंची आएगी धन-दौलत

## दिवाली पर चीनी वास्तु शास्त्र फेंगशुई की ये चीजें करें प्रयोग

फेंगशुई चीनी वास्तुशास्त्र है और भारतीय वास्तुशास्त्र की तरह इसमें भी दरिदत्रा और कष्ट निवारण के कई उपाय समाहित हैं। आप इस दीपावली पर चीनी वास्तु शास्त्र, फेंगशुई की इन वस्तुओं का प्रयोग करके सुख-समृद्धि को आकर्षित कर सकते हैं। इससे न केवल आपके घर में खुशहाली का वास होगा। दीपावली पर लक्ष्मी-गणेश के साथ-साथ फेंगशुई के क्योर्स यानि उपायों को अपनी सुख-समृद्धि के लिए क्यों न आज़माया जाए। भारतवर्ष में अनादिकाल से धन-धान्य को सुदृढ़ करने के लिए लक्ष्मी-गणेश के सोने-चांदी के सिक्कों की पूजा प्रत्येक दीपावली पर की जाती है। इन सिक्कों को शुभ का प्रतीक लाल रंग के कपड़े में बांधकर तिजोरी या गल्ले में रखा जाता है ताकि ये सिक्के लक्ष्मी एवं कुबेर की कृपा में वृद्धि करें। ऐसा करने से सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि लाल कपड़े मे बंधे होने के कारण कैश बॉक्स या गल्ला कभी धन से खाली नहीं होता।

आय बढ़ाने के लिए चीनी सिक्का - चीनी सिक्कों की पृष्ठभूमि भी इसी सिद्धान्त पर कार्य करती है, जो कि आर्थिक पहलू को सशक्त करने का एक सरल, शक्तिशाली फेंगशुई उपचार है।

व्यक्ति की जेब कभी खाली न रहे इसलिए इन सिक्कों को दीपावली के दिन से पर्स में रखना चाहिए। धन का प्रवाह निरन्तर बनाए रखने के लिए इन सिक्कों को स्वास्तिक, शुभ-लाभ के साथ बहीखाते तथा आय से सम्बन्धित दस्तावेजों के मुख पृष्ठ पर चिपकाना चाहिए।

धन रखने के स्थान पर इन सिक्कों को रखने से आर्थिक पक्ष दिनों दिन मजबूत होता चला जाता है। लाल धागे में बांधकर ही इन्हें रखना चाहिए, लाल धागा इसलिए ताकि सिक्के सक्रिय होकर धन लक्ष्मी की शुभ उर्जा प्रवाहित कर सकें।

धातु का कछुआ -यदि किसी के कार्य में बार-बार व्यवधान आ रहा हो जिसके कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा हो, तो दीपावली के दिन धातु के कछुए के नीचे लक्ष्मी यंत्र अंकित कर पानी से भरे कटोरे में रखकर उत्तर दिशा की ओर रखना चाहिए। कछुए की चाल धीमी होती है, पर वह बिना बाधा के अपनी मंजिल तक पहुंच जाता है, इसलिए घर- कार्यालय में कछुए की उपस्थिति जीवन में उन्नति और गतिशीलता प्रदान करती है।

हंसते हुए बुद्ध की मूर्ति -धन-धान्य और सफलता का प्रतीक है हंसते हुए बुद्ध की प्रतिमा, दीपावली के दिन घर में लाफिंग बुद्धा लगाने से खुशियां उपहार के रूप में चली आती हैं। घर में प्रवेश करने वाली शुभ उर्जा को लाफिंग बुद्धा अपनी ओर आकर्षित कर घर में रहने वालों कोसमृद्धि प्रदान करता है।



# वास्तु शास्त्र के इन 4 उपायों से खाली नहीं होगी आपकी जेब लक्ष्मी की बनी रहेगी कृपा

आपके जीवन में अगर पैसों से जुड़ी तंगी चल रही है, तो आप वास्तु के उपाय करके देवी लक्ष्मी की कृपा पा सकते हैं। वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं, जिनसे आपको धन लाभ हो सकता है। आइए, जानते हैं वास्तु के धन लाभ के लिए उपाय।जीवन में कभी न कभी ऐसा होता है कि बहुत मेहनत करने के बाद भी हमेशा उसका मनचाहा फल नहीं मिल पाता है। खासकर हमारी आर्थिक तरक्की नहीं हो पाती है। हम पैसों को बचाने की बहुत कोशिश करते हैं लेकिन फिर भी हमारे खर्चे बढ़ते जाते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार जीवन में ऐसी स्थिति तब आती है, जब आपके जीवन में नकारात्मकता बढ़ जाती है। ऐसे में आप वास्तु के कुछ उपाय करके अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। आइए, जानते हैं किन उपायों को करने से आपकी स्थिति मजबूत हो सकती है।

### इन दिशाओं में रखें तुलसी का पौधा

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में पूर्व या उत्तर दिशा में आपको तुलसी का पौधा जरूर रखना चाहिए। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और अगर आप पर कर्जा चल रहा है, तो उसमें भी कमी आएगी। घर में तुलसी का पौधा लगाने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहती है।वास्तु शास्त्र के अनुसार आपको पानी को ऐसे ही खुला नहीं छोड़ना चाहिए। खासकर नल और टंकियों से टपकता मानी घर में आर्थिक तंगी लेकर आता है। पानी को कभी भी व्यर्थ में न बहने दें। इससे फिर्जूल खर्च बढ़ता है। इसके साथ ही पानी को बेकार में गिराने से भी आपको धन व्यय की समस्या का सामना करना पड़ता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आप घर में देवी लक्ष्मी का आगमन चाहते हैं, तो आपको घर के मुख्य द्वार को हमेशा साफ रखना चाहिए। इससे माता लक्ष्मी की कृपा आप पर हमेशा बनी रहती है। इसके साथ ही आपको शाम के समय मुख्य द्वार पर दीया जरूर जलाना चाहिए, जिससे घर में आर्थिक समृद्धि का वास भी होता है।

### दक्षिण दिशा में न बनाएं घर का मंदिर

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर का मंदिर कभी भी दक्षिण दिशा में नहीं होना चाहिए। दक्षिण दिशा में मंदिर होना शुभ नहीं माना जाता है। आपके घर में अगर दक्षिण दिशा में मंदिर होता है, तो आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। घर का मंदिर हमेशा उत्तर पूर्व दिशा में ही होना चाहिए।

# क्या कहते आपके सितारे




**मेष**

मेष- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परिवार में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी राय सोच समझकर देनी होगी। आपको अपने अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप यदि किसी काम को लंबे समय से करने के प्रयास कर रहे थे, तो आपके वह प्रयास सफल रहेंगे। आपकी माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिसे आपको पूरी अवश्य करना होगा।




**वृषभ**

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। आपको यदि कोई समस्या चली रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी खूब रुचि रहेगी। व्यापार में आपको अच्छा लाभ देखने को मिल सकता है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।




**मिथुन**

मिथुन- आज का दिन आपके लिए कुछ टेंशन भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। अपने बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें। आप किसी से धन उधार सोच समझकर लें। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार मिल सकता है।




**कर्क**

कर्क- आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। यदि आप किसी नए वाहन की खरीदारी करना चाहते हैं, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपका डूबा हुआ धन भी आपको मिल सकता है। कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह पूरा होगा। आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। यदि आपको कोई समस्या चली आ रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी।




**सिंह**

सिंह- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। कारोबार में आपको कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है। खानपान पर आपको पूरा ध्यान देना होगा।




**कन्या**

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, जो जातक नौकरी को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश ना करें।




**तुला**

तुला- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। जीवनसाथी के साथ आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। प्रॉपर्टी में आपको अच्छा लाभ मिल सकता है। आपका कोई पुराना लेनदेन उभर सकता है।




**वृश्चिक**

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर ध्यान देना होगा। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो, तो उसमें अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।




**धनु**

धनु- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामला यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह भी फाइनल हो सकता है। आपको किसी बात को लेकर टेंशन लेने की आवश्यकता नहीं है। संतान को किसी नई नौकरी के प्रयास भी बेहतर रहेंगे।




**मकर**

मकर- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। आपको बिजनेस में पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करने की आवश्यकता है। आप किसी से कोई धन का लेनदेन सोच समझकर करें। पिताजी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी और आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।




**कुंभ**

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको किसी अजनबी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है, नहीं तो वह फायदा उठा सकते हैं। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को धोखा मिलने की संभावना है, इसलिए साथी पर ज्यादा भरोसा ना करें। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आर्थिक मामलों में आपको सावधान रहना होगा। आप कोई जोखिम न उठाएं, नहीं तो समस्या हो सकती है।





**मीन**


मीन- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने किसी परिवार के सदस्य से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। पारिवारिक समस्याओं से भी आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आपकी कोई प्रॉपर्टी संबंधित डील फाइनल हो सकती है, जो आपको खुशी देगी। आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी आप आसानी से पूरा कर पाएंगे। आपको किसी काम को लेकर ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आपके काम आसानी से पूरे होंगे, जो आपको खुशी देंगे।


G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
T.S.Chandwani
Specialist In :- Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034


Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259

LIVE IN LAP OF LUXURY

RAMDEVI TOWER
MAHARERA- P51700076849
1BHK & 2BHK & COMMERCIAL SHOPS AVAILABLE
Contact:
7770003478
7770003479
Gmail: ramdevitower2024@gmail.com
SITE ADDRESS :
B. K No- 1150,
ROOM NO. 3,4,5,6
POWAI CHOWK,
ULHASNAGAR - 421003.
DIST- THANE


प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।

**RNI No. 68359/93,**

**( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )**

दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।

Makhija Construction

25 YEARS Experience
BUILDING QUALITY TRUST
✦ Email : makhijaconstruction@gmail.com, makhijaconstruction@hotmail.com
✦ Hollywood Apartment, Shop No. 2 & 3, Opp., ICICI Bank, Near Chopra Court, Ulhasnagar-3 Ph.0251-2563555

# मुंबई में अब संपत्ति कर 13 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव

**मुंबई(नि.स)।** मुंबई महानगरपालिका को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता शुल्क का प्रस्ताव करने के बाद राजनीतिक दलों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, वहीं अब संपत्ति कर बढ़ाने का भी प्रस्ताव किया गया है। 13 प्रतिशत तक की वृद्धि का यह प्रस्ताव मुंबई मनपा प्रशासक/आयुक्त भूषण गगरानी को सौंपा गया है। वर्ष 2014-15 से संपत्ति कर में कोई वृद्धि न होने, हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा व विधानसभा चुनावों तथा रेडी रेकनर दरों में वृद्धि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि इस वर्ष भी संपत्ति कर में वृद्धि होगी। बेशक, इससे आम मुंबईकरों की जेब पर बोझ पड़ेगा। रेडी रेकनर के अनुसार, मुंबई मनपा हर पांच साल में एक बार संपत्ति कर बढ़ाता है। 2014-15 में संपत्ति करों में वृद्धि के बाद, 2020-21 में संपत्ति करों में सीधे वृद्धि की उम्मीद




थी। लेकिन इसी दौरान कोरोना संकट आ गया और राज्य सरकार ने संपत्ति कर नहीं बढ़ाने का फैसला किया। विभिन्न कारणों से 2022-23 और 2023-24 में करों में वृद्धि नहीं की गई। मुंबई महानगरपालिका ने 2024-25 में भी कर बढ़ाने का निर्णय लिया था, मगर इसका सभी स्तरों पर विरोध किया गया था। इसलिए राज्य सरकार इसे न बढ़ाने पर अड़ी रही। महानगरपालिका को रेडी रेकनर के अनुसार कर की दरें बढ़ाने का अधिकार है। हालाँकि, यदि कर में वृद्धि नहीं की जानी है तो मनपा को राज्य सरकार से अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है। पिछले साल जुलाई में संपत्ति कर के संबंध में राज्य सरकार के नगर विकास विभाग को पत्र भेजकर स्पष्ट किया गया था कि 2024-25 में संपत्ति कर में वृद्धि करना उचित नहीं होगा। इसके अलावा, राज्य सरकार को भेजे गए पत्र में कहा गया कि इससे मुंबईवासियों को असुविधा हो सकती है, क्योंकि अगले साल फिर से कीमत बढ़ानी पड़ेगी। इस वर्ष मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में रेडी रेकनर दरों में औसत वृद्धि 3.39 प्रतिशत रही है। दो वर्षों तक इसमें कोई वृद्धि नहीं हुई। सूत्रों ने बताया कि मनपा के कर निर्धारण व संग्रहण विभाग ने रेडी रेकनर दर में वृद्धि की संभावना मानते हुए वर्ष 2025-26 के लिए संपत्ति कर में वृद्धि का प्रस्ताव तैयार कर मुंबई मनपा आयुक्त भूषण गगरानी को भेजा है। मुंबई मनपा हर पांच साल में एक बार संपत्ति कर बढ़ाता है। यह वृद्धि लगभग 15 से 20 प्रतिशत प्रस्तावित है। हालाँकि, यह केवल आठ से नौ प्रतिशत ही था। पिछले दस वर्षों में इस वृद्धि के अभाव के कारण मुंबई महानगरपालिका को हर साल संपत्ति कर के रूप में 675 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए उम्मीद थी कि 2025-26 से संपत्ति कर में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। तदनुसार, मनपा ने एक प्रस्ताव भेजा है। यह वृद्धि नौ प्रतिशत तक होने की संभावना है। मुंबई में टोल प्लाजा बंद होने के बाद, मुंबई मनपा अपना राजस्व बढ़ाने के लिए संपत्ति कर से अधिक वसूली पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# नवी मुंबई के 36 हजार से अधिक छात्रों को मिला छात्रवृत्ति योजना का लाभ

**नवी मुंबई(नि.स)।** नवी मुंबई महानगरपालिका के समाज विकास विभाग के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जाती हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी इन योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति एवं अन्य व्यक्तिगत लाभ योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए कुल 43,791 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से सत्यापन प्रक्रिया के बाद 36,104 छात्रों को पात्र पाया गया।



इसके तहत, इन छात्रों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से 27 करोड़ 99 लाख 57 हजार 200 की छात्रवृत्ति राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की गई। यह छात्रवृत्ति छात्रों और अभिभावकों के लिए शिक्षा संबंधी खर्चों को पूरा करने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान कर रही है। विशेष रूप से, मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे की अवधारणा के अनुसार, इस योजना को पूरी तरह ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी और तेज प्रक्रिया के तहत लागू किया गया, जिससे छात्रवृत्ति राशि समय पर वितरित की जा सकी। इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया से छात्र और अभिभावक संतुष्ट हैं और उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# नवी मुंबई में शिवसेना की चुनावी तैयारी तेज

## • उपमुख्यमंत्री शिंदे ने दिए विजय नाहटा को चुनावी काम में लगने के निर्देश

**नवी मुंबई(नि.स)।** शिवसेना के मुख्य नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विजय नाहटा को पार्टी का काम पूरी ताकत से करने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में एकनाथ शिंदे ने नाहटा को आगामी मनपा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सक्रिय रूप से कार्य करने का आदेश दिया। इस बैठक में जिला प्रमुख किशोर पाटकर भी उपस्थित थे।



एकनाथ शिंदे ने विजय नाहटा को पहले की तरह शिवसेना का उपनेता नियुक्त किया है। आगामी मनपा चुनाव को देखते हुए उनकी पार्टी में वापसी से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जिला प्रमुख किशोर पाटकर ने भी इस पर खुशी जाहिर की कि विजय नाहटा फिर से पार्टी के साथ सक्रिय हुए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों के दौरान नवी मुंबई की राजनीति गरमा गई थी। वर्षों से तैयारी कर रहे विजय नाहटा को शिवसेना (शिंदे गुट) से टिकट नहीं मिलने के कारण कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई थी। हालांकि, नाहटा ने अपने प्रयास जारी रखे और अब पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार हैं।

# मुंबई महानगरपालिका ने संपत्ति कर से 6 हजार 198 करोड़ रुपए एकत्र किए

**मुंबई(नि.स)।** मुंबई महानगरपालिका के कर निर्धारण एवं संग्रहण विभाग ने इस वर्ष संपत्ति कर संग्रहण में रिकॉर्ड प्रदर्शन हासिल किया है। मनपा ने संपत्तिकर वसूली के सभी पुराने रिकार्ड तोड़ते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 6 हजार 200 करोड़ रुपए के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 6 हजार 198 करोड़ रुपया संपत्तिकर वसूला है। साथ ही, इस वर्ष अतिरिक्त जुर्माने के रूप में 178 करोड़ 39 लाख रुपए की अतिरिक्त वसूली की गई है। मुंबई महानगरपालिका मुंबई के नागरिकों को विभिन्न नागरिक सेवाएं प्रदान करता है। सर्वोत्तम नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न वित्तीय स्रोत महत्वपूर्ण हैं। संपत्ति कर भी आय का एक बहुत महत्वपूर्ण स्रोत माना जाता है। इस संदर्भ में मनपा आयुक्त तथा प्रशासक भूषण गगरानी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त मनपा आयुक्त (शहर) डॉ. अश्विनी जोशी के मार्गदर्शन तथा सह आयुक्त (कर निर्धारण व संग्रहण) विश्वास शंकरवार तथा कर निर्धारणकर्ता व संकलक गजानन बेल्लाले के मार्गदर्शन में संपत्ति कर संग्रहण के लिए कर निर्धारण व संग्रहण विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए गए। नागरिकों में समय पर संपत्ति कर का भुगतान करने के लिए जागरूकता पैदा करना; साप्ताहिक आधार पर तथा सार्वजनिक अवकाशों पर भी नागरिक सुविधा केन्द्रों का रखरखाव करना ताकि नागरिक निर्धारित अवधि के भीतर संपत्ति कर का भुगतान कर सकें, कर भुगतान के लिए ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान करना, इसमें बड़े बकाएदारों पर ध्यान केंद्रित करना तथा पिछले बकाए का भुगतान करना जैसे प्रयास शामिल थे। मनपा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 6,200 करोड़ रुपए का संपत्ति कर संग्रह लक्ष्य रखा था। कर निर्धारण एवं संग्रहण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों तथा मुंबई के नागरिकों के सहयोग से मनपा ने 6 हजार 198 करोड़ रुपए का संपत्ति कर एकत्र किया। यह कुल लक्ष्य का 99.97 प्रतिशत है।

# रविवार को कोपरखैरणे में धूमधाम से मनाया जाएगा श्री राम जन्मोत्सव

**नवी मुंबई(नि.स)।** श्री रणादेवी माता मित्र मंडल द्वारा रविवार 6 अप्रैल को कोपरखैरणे सेक्टर-19ए स्थित राजराजेश्वरी रणादेवी माता मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। यह समारोह पूर्व नगरसेवक शिवराम पाटिल और पूर्व नगरसेविका अनीता पाटिल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह श्रीराम का अभिषेक एवं महाआरती की जाएगी। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक ह.भ.प. गणेश महाराज शिंदे का सुंदर कीर्तन होगा। दोपहर में श्रद्धालुओं के लिए पालकी दर्शन



एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। वहीं, शाम को भव्य श्रीराम पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में जानकारी मंडल के अविनाश भरत पाटिल ने दी।

# साईं की शिरडी में तीन दिवसीय श्री रामनवमी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

## तीन लाख से अधिक श्रद्धालु करेंगे साईं की समाधि के दर्शन

**शिरडी(नि.स)।** शिरडी साईंबाबा संस्थान की परंपरा के अनुसार 114वां श्री रामनवमी महोत्सव इस वर्ष शनिवार, 5 अप्रैल से सोमवार, 7 अप्रैल तक बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। संस्थान ने अनुमान लगाया है कि इस तीन दिवसीय उत्सव के दौरान 3 लाख से अधिक भक्त शिरडी आएंगे। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महोत्सव के मुख्य दिन साईं बाबा समाधि मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खुला रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री रामनवमी महोत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं तथा मुंबई



में द्वारकामाई मण्डल द्वारा प्रवेश द्वार क्रमांक 4 के अन्दर श्री गजमुख गणपति का भव्य काल्पनिक दृश्य स्थापित किया जा रहा है, साथ ही मुंबई में द्वारकामाई मण्डल एवं साईं भक्त कपिल चड्ढा द्वारा मंदिर एवं संस्थान परिसर में आकर्षक विद्युत प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। सऊदी अरब के उदार साईं भक्त वेंकट सुब्रमण्यन के दान से आकर्षक पुष्प सजावट की जाएगी। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर ने यह भी बताया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। धूप से बचाव के लिए मंडप बनाया गया। ज्ञात हो कि श्री राम नवमी उत्सव की शुरुआत 1911 में साईं बाबा की अनुमति से हुई थी। तब से यह त्यौहार हर साल शिरडी में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। संस्थान ने श्री रामनवमी महोत्सव के लिए विभिन्न स्थानों से आने वाली 87 पालकियों का पंजीकरण किया है। महोत्सव के दौरान संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए, आरामदायक दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं को धूप से बचाने के लिए मंदिर एवं संस्थान परिसर में लगभग 67,409 वर्ग फुट के मंडप बनाए गए हैं। इसके अलावा, साईं भक्तों के लिए अतिरिक्त आवास के लिए, साईं बाबा भक्त निवास स्थान (500 कमरे), साई धर्मशाला में बिस्तर और पानी की सुविधा के साथ 38,790 वर्ग फुट का आवासीय कपड़ा मंडप बनाया गया है, तथा बिजली, पानी की आपूर्ति, शौचालय और सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।

# मुंबई के मशहूर बिल्डर और उनके सहयोगियों की 44 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

**मुंबई(नि.स)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई डिवीजन ने घर खरीदारों से धोखाधड़ी के एक मामले में मुंबई के मशहूर बिल्डर ललित टेकचंदानी और उनके सहयोगियों की 44 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई। इसमें दुबई में विला, मुंबई में आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियां तथा पुणे में जमीन शामिल हैं। इस मामले में पहले 158 करोड़ रुपए की राशि जब्त की गई थी। इसके साथ ही जब्त संपत्ति की रकम 202 करोड़ तक पहुंच गई है। ललित टेकचंदानी ने अन्य आरोपियों की मदद से कंपनी के स्वामित्व और निदेशक पद से हटकर संपत्ति सुप्रीम कंस्ट्रक्शन के नाम पर



ले ली। इन परिसंपत्तियों को विभिन्न संगठनों के खातों में स्थानांतरित कर दिया गया। ईडी की जांच में यह भी पता चला कि उन खातों के माध्यम से धन का उपयोग निजी उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। इस मामले में ईडी ने 158 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। इसमें शेयर, म्यूचुअल फंड और सावधि जमा शामिल हैं। टेकचंदानी और सुप्रीम कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अन्य लोगों ने नवी मुंबई में एक आवासीय परिसर में मकान बेचने का वादा करके आम जनता से बड़ी मात्रा में धन एकत्र किया। हालांकि, मकान दिलाने के मामले में बार-बार टालमटोल किए जाने पर धोखाधड़ी के शिकार लोगों ने तलोजा और चेंबूर पुलिस थानों में मामला दर्ज कराया। ईडी इसकी जांच कर रही है। आरोपियों ने तलोजा में एक आवासीय परिसर में मकान दिलाने का वादा करके 1,700 घर खरीदारों से लगभग 400 करोड़ रुपए एकत्र किए। हालांकि, समय सीमा बीत जाने के बाद भी डेवलपर ने आम आदमी को मकान उपलब्ध नहीं कराए। साथ ही, कोई रिफंड भी नहीं दिया गया। इस मामले में ललित टेकचंदानी को ईडी ने 18 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया था।

### 158 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त

ललित टेकचंदानी ने अन्य आरोपियों की मदद से कंपनी के स्वामित्व और निदेशक पद से हटकर संपत्ति सुप्रीम कंस्ट्रक्शन के नाम पर ले ली। इन परिसंपत्तियों को विभिन्न संगठनों के खातों में स्थानांतरित कर दिया गया। ईडी की जांच से यह भी पता चला कि उन खातों के माध्यम से धन का उपयोग निजी उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। इस मामले में ईडी ने 158 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। इसमें शेयर, म्यूचुअल फंड और सावधि जमा शामिल हैं।

## उल्हासनगर महानगरपालिका

### मालमत्ता कर विभाग

मुख्य कार्यालय, तळमजला, उल्हासनगर-४२१००३ जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र

Tel No.:- 95251-2720116/125 Ext. No. 238 Fax No. :- 95251-2720104

**(महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियमाचे अनुसूची ड चे प्रकरण ८ (कराधान नियम) मधील नियम २१ (१३ व १५ सह)**

### जाहीर नोटीस

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील इमारती व जमिनी यावरील सामान्य कर तसेच इतर कर निर्धारणासठी वर्ष २०२४-२५ करीताचे कर आकारणी पुस्तकातील नोंदी खालील मालमत्ता वगळता उर्वरीत सर्व मालमत्तांसाठी वर्ष २०२५-२६ या आर्थिक वर्षाकरीता कर आकारणी नोंदी म्हणून स्विकारण्याचे प्रस्तावित आहे.

अ) ज्या मालमत्तांच्या क्षेत्रफळ/बोधकाम प्रकार/वापर इ. बाबींत बदल झाला आहे,

ब) ज्या मालमत्तांची पुर्नबांधणी झाली आहे किंवा नवीन बांधकाम करण्यात आले आहे.

उपरोक्त् आकारणी पुस्तकातील नोंदी घरमालक/त्यांचे प्रतिनिधी/अभिकर्ता/भोगवटाधारक यांना पाहणीसाठी कार्यालयीन वेळेत महानगरपालिका कर विभागात उपलब्ध आहेत. उपरोक्त नोंदी संदर्भात खालील बाबींवर हरकत असल्यास, ती दिनांक ३/४/२०२५ पासुन दिनांक २३/४/२०२५ या कालावधीत लेखी स्वरुपात योग्य त्या कारणासह सादर करावयाची आहे.

(१) जमिनीचे किंवा इमारतीचे मुल्य चुकीचे ठरवण्यात आले असेल किंवा कर आकारणी चुकीची करण्यात आली असल्यास,

(२) घर क्रमांक अथवा चुकीचा /अपुरा पत्ता नोंद असल्यास,

(३) मालमत्ता कर देण्यास प्रथमतः जबाबदार असलेल्या व्यक्तींचे नाव चुकीचे/अपुरे नोंद असल्यास,

(४) मालमत्ता कर देण्यास प्रथमतः जबाबदार असलेल्या व्यक्तींचे नाव काढून टाकणे अथवा कमी करावयाचे असल्यास,

(५) जमीनी अथवा इमारतीचे भाडेमुल्यात वाढ अथवा घट झाली असल्यास,

(६) इमारत अथवा तिचा काही भाग पाडुन टाकला असल्यास किंवा इमारत अस्तित्वात नसल्यास, सदर हरकतो/तक्रारी अर्ज खाली सही करणार यांचे नावे नागरिक सुविधा केंद्र (मुख्यालय) उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर-३ येथे देवुन त्याची रीतसर पोहोच घ्यावी.

(७) अर्जामध्ये मालमत्ता क्रमांकाची नोंद आवश्यक असुन प्रत्येक मालमत्तासंदर्भात स्वतंत्रपणे तक्रार/हरकती अर्ज सादर करणे आवश्यक आहे.

**टिपः- नागरिकांना त्यांचे मालमत्तेसंदर्भात हरकत / आक्षेप नसल्यास कर बिलाची प्राप्ती तसेच भरणा करणेकामी महानगरपालिका संकेतस्थळ www.umc.gov.in येथे पर्याय उपलब्ध आहे.**

सही/-

(मनिषा आव्हाळे) भा.प्र.से.

प्रशासक तथा आयुक्त

उल्हासनगर महानगरपालिका

दिनांक : २/४/२०२५

जा.क्र.उमपा/पीआरओ/०८/२०२५

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं सुनील ज्ञानचंद सोनकर आम जनता को सूचित करना चाहता हु कि मैने श्रीमती आशा कुमनसिंह पाटिल से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट सीरियल नंबर 23, दिनांक 26/03/2025 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण हैः- ब्लॉक नंबर बी-69 के पास, कुर्ला कैंप, रविंद्र नगर, उल्हासनगर- 5 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 39डीओ008629700 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं सुनील ज्ञानचंद सोनकर अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रहा हु । अतः इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफ नेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

सहीः-

सुनील ज्ञानचंद सोनकर।

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं विवेक आर राय व दशरथ बाबुराम जायसवाल आम जनता को सूचित करना चाहते है कि हमने श्री राजेश गोधुमल दुंबानी से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट दिनांक 08/03/2007 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण हैः- शॉप, गायकवाड़ पाड़ा, सेक्शन 36, लालचंद कंपाउंड, उल्हासनगर- 5 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 56डीओ013579900 है।


उक्त प्रापर्टी को मैं विवेक आर राय व दशरथ बाबुराम जायसवाल अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रहे है। अतः इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफ नेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

सहीः-

विवेक आर राय व दशरथ बाबुराम जायसवाल।

# जीवनरक्षक साबित होगी डेंगू, मलेरिया और लेप्टोस्पायरोसिस के मरीजों के लिए एफेरेसिस मशीन

**ठाणे(नि.स)।** रक्त की एक थैली में रक्त को छांटने के बाद प्राप्त घटकों की मात्रा बहुत कम होती है। इस वजह से, हमें अक्सर रक्त में प्लेटलेट्स और प्लाज्मा घटकों को खोजने के लिए जल्दी करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में अब शरीर से वांछित



रक्त घटकों को निकालने के लिए ठाणे के सिविल अस्पताल में एफेरेसिस मशीन लगाई गई है। इसके जरिए डोनर से सिर्फ प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और लाल कोशिकाएं ही आवश्यकतानुसार निकाली जाएंगी। इससे डेंगू, मलेरिया, लेप्टोस्पायरोसिस, गर्भवती महिलाओं आदि के लिए प्लेटलेट्स प्राप्त करने की आवश्यकता कम हो जाएगी।

आजकल, कई लोग डेंगू, मलेरिया या लेप्टोस्पायरोसिस जैसे बुखार होने पर कांपने लगते हैं। यदि ऐसे बुखार का तुरंत इलाज न किया जाए तो यह घातक हो सकता है। शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या में तेजी से कमी के कारण रक्त का थक्का जमना बाधित होता है। आपको प्लेटलेट्स लाने के लिए दौड़ना पड़ता है। निजी रक्त बैंकों में प्लेटलेट्स की कीमत अधिक है। यह आम जनता के लिए चिंता का विषय है। लेकिन सिविल अस्पताल में आधुनिक एफेरेसिस मशीन शुरू कर दी गई है। ब्लड बैंक के प्रमुख डॉ. गिरीश चौधरी ने बताया कि इस मशीन से रक्तदाता के रक्त से वांछित घटक निकालना संभव हो गया है। रक्तदान के दौरान शरीर से लगभग 350 मिलीलीटर रक्त निकाला जाता है। इसमें प्लेटलेट्स की कुल संख्या लगभग 5,000 होती है। हालांकि, एफेरेसिस मशीन से मरीज को काफी राहत मिलेगी। यह मशीन रक्तदाता के शरीर से 50,000 प्लेटलेट्स निकालने में सक्षम होगी और प्लेटलेट्स का एक बैग रोगी को ठीक होने में मदद करेगा। फिलहाल यह मशीन चालू हो गई है। आप सप्ताह में दो बार प्लेटलेट्स दान कर सकते हैं। एक बार रक्तदान करने के बाद आपको हर तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। हालाँकि, आप एफेरेसिस मशीन का उपयोग करके अपने रक्त से प्लेटलेट्स निकालने के बाद सप्ताह में दो बार भी प्लेटलेट्स दान कर सकते हैं।

BH Capital

ONE STOP SOLUTION FOR ALL YOUR BUSINESS FINANCIAL NEEDS

UNSECURED BUSINESS LOAN

UNSECURED CORPORATE LOAN

UNSECURED MACHINERY LOAN

UNSECURED WORKING CAPITAL - CC / OD FACILITY

UNSECURED SALES & PURCHASE BILL DISCOUNTING

LOAN AGAINST PROPERTY

Ajay (MBA-Finance)

9321457879

MUMBAI OFFICE: A-5, 3RD FLOOR, CHADHA APARTMENT PREMISES CO-OP. SOC. LTD., TELI GALLI CROSS LANE, OPP. GINGER HOTEL, ANDHERI (E) - 400 069.

REGISTERED OFFICE: OFFICE NO. 7, B WING, PALI HILL APARTMENT, NEAR SADHU VASWANI STATUE, GOL MAIDAN, ULHASNAGAR - 421 002.

E-mail: info@bhcapital.in | www.bhcapital.in